हरिभूमि

# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि

रोहतक, बुधवार, 18 जून 2025



13 अटेली में भाजपा का संकल्प से सिद्धि विचार…



14 किसी क्षेत्र में लगातार क्राइम बढ़ता है, तो थाना प्रभारी…




**खबर संक्षेप**

### अज्ञात कारणों से व्यक्ति की मौत

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के गांव सलीमपुर में अज्ञात कारणों के चलते एक व्यक्ति की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सलीमपुर के 53 वर्षीय ओमप्रकाश की तबीयत खराब होने के चलते उसको अस्पताल में भर्ती करवाया था। तबीयत ज्यादा खराब होने पर उसकी मौत हो गई। सूचना मिलती ही मौके पर पुलिस पहुंचकर शव का पोस्टमॉर्टम करवाया। मृतक ओमप्रकाश के दो लड़के हैं।

### रिटायर्ड कर्मचारी संघ की बैठक अटेली में आज

**मंडी अटेली।** रिटायर्ड कर्मचारी संघ की बैठक 18 जून को अटेली के पावर हाउस के हनुमान मंदिर में होगी। संघ के प्रधान घनश्याम शर्मा ने बताया कि बैठक में अटेली खंड की कार्यकारिणी के त्रिवार्षिक चुनाव होंगे। बैठक में कार्यकारिणी सदस्यों को आमंत्रित किया गया है। प्रधान ने बताया कि सरकार द्वारा रिटायर्ड कर्मियों को 8वें वेतन आयोग की सिफारिश को अब तक नहीं माना। वेतन आयोग के मिलने वाले लाभ को 31 दिसंबर 2025 तक होने वाले रिटायर्ड होने वाले कर्मियों व रिटायर्ड कर्मियों को भी लाभ नहीं मिल रहा है। बैठक में चुनावों के अलावा कर्मियों से जुड़े सभी मामलों पर चर्चा की जाएगी।

### चिकित्सा परामर्श व दवा वितरण शिविर कल

**नांगल चौधरी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समीप एक निजी अस्पताल में 19 जून को निःशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं दवाई वितरण शिविर लगाया जाएगा। जिसमें मरीजों का आधुनिक मशीनों से विभिन्न बीमारियों से जांच होगी। इसके बाद विशेषज्ञ चिकित्सक इलाज मुहैया कराएंगे। शिविर के आयोजक डॉ. दीपक शर्मा ने बताया कि दिवंगत दादी रेवती देवी की पुण्य तिथि पर मेडिकल कैंप लगाने का निर्णय लिया है। जिसमें महिला रोग विशेष चिकित्सक सेवाएं देंगी। सुबह नौ से शाम तीन बजे तक मरीजों को निःशुल्क जांच, इलाज तथा दवाइयां मुहैया कराई जाएंगी।

### राजकीय प्रशिक्षण संस्थान में रोजगार मेला कल

**नारनौल।** अतिरिक्त उपायुक्त सुशील कुमार की अध्यक्षता में जिला रोजगार कार्यालय एवं जिला रोजगार समन्वय कमेटी की ओर से 19 जून को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में सुबह 10 बजे रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए जिला रोजगार अधिकारी रणजीत सिंह रावत ने बताया कि क्षेत्र के युवाओं को रोजगार के बेहतरीन अवसर उपलब्ध कराने के लिए इसमें विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी। रोजगार मेले में पुखराज हेल्थ केयरए इंटर इंस्टीट्यूशनल कंप्यूटर सेंटर, फ्रीडम एम्प्लायबिलिटी एकेडमी, लाइफ इंश्योरेंस कॉरपोरेशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, एसबीआई बैंक, नारनौल नव ज्योति बायो फर्टिलाइजर, जी4एस, सिक्योर सॉल्यूशन लिमिटेड गुरुग्राम, ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन इंडिया गुरुग्राम, एआरजीएल मानेसर व जय भारत मारुति गुरुग्राम कंपनी भाग लेंगी।

### नारनौल में सबसे अधिक 43.8 एमएम बारिश, जलभराव के चलते राहगीरों व दुकानदारों को हुई परेशानी

# प्री मानसून की बारिश ने किए पानी निकासी के दावे फेल

बारिश में प्रशासन के जल निकासी के दावे फेल होना एक आम समस्या है, जो शहर में रह बार बारिश के सीजन में देखने को मिलती है। जिसका खामियाजा आमजन को उठाना पड़ता है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल



नारनौल। बस स्टैंड पार्किंग में जमा पानी व खड़े वाहन। फोटो : हरिभूमि

प्री मानसून की जबरदस्त बारिश ने प्रशासन के पानी निकासी के दावों की पोल खोलकर रख दी। मंगलवार सायं को हुई जोरदार बारिश से शहर में अनेक जगह पानी जमा हो गया। जिसके कारण दुकानदारों के साथ राहगीरों को भी काफी परेशानी उठानी पड़ी। बता दें कि बारिश में प्रशासन के जल निकासी के दावे फेल होना एक आम समस्या है, जो शहर में रह बार बारिश के सीजन में देखने को मिलती है। जिसका खामियाजा आमजन को उठाना पड़ता है।

मंगलवार सायं नारनौल शहर में 43.8 एमएम बारिश हुई। इससे पूर्व सोमवार की रात को भी हल्की बारिश व बूंदाबांदी हुई थी। बारिश से एक ओर जहां आमजन को उमसभरी पसीने छुटाने वाली गर्मी से राहत मिलीं है।

वहीं दूसरी ओर किसानों को कृषि कार्यों हेतु अच्छी बारिश वरदान साबित होगी। जिले में लगातार मौसम परिवर्तनशील व सुहावना बना हुआ है। सोमवार को जिले में सतनाली में 2.0 मिलीमीटर, महेंद्रगढ़ में 3.5, कनीना 3.0 मिलीमीटर बारिश हुई थी, जबकि शेष जिले में बूंदाबांदी ही हुई थी, लेकिन मंगलवार दोपहर बाद जिले में इस सीजन की अच्छी बारिश हुई है। पहले निजामपुर 26.0 मिलीमीटर, इसके बाद महेंद्रगढ़ में 31.0 मिलीमीटर, नारनौल में जबरदस्त 43.8 मिलीमीटर बारिश हुई है। वहीं अटेली में 39.0 मिलीमीटर, नांगल चौधरी 8.0, सतनाली में 5.0 मिलीमीटर बारिश हुई।

जिले में नारनौल व महेंद्रगढ़ का दिन व रात का तापमान क्रमशः 30.2, 25.0 डिग्री सेल्सियस व 34., 25.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

#### आधे घंटे हुई झमाझम बारिश

शहर में लगातार आधे घंटे झमाझम बारिश हुई। प्री मानसून की इस तेज बारिश के कारण शहर के कई मोहल्लों व बाजारों में पानी जमा गया। बारिश की वजह से शहर के मुख्य बाजार में पानी ऐसे चलने लगा जैसे तेज गति से नहर में पानी बह रहा हो। इस बारिश की वजह से लोगों को काफी नुकसान भी हुआ। शहर में पुल बाजार, महावीर मार्ग, तालाब बहादुर सिंह, पार्क गली, मोहल्ला चांदुवाड़ा, सैन चौक, रविदास मंदिर मार्ग सहित अनेक जगह लबालब पानी भर गया। बस स्टैंड की व्हीकल पार्किंग में भरा बरसात का पानी व्हीकल पार्किंग संचालक प्रवीण कुमार मैं मांग की है कि जब वह ठेके की पेमेंट सरकार व प्रशासन को दे रहे हैं, तो उन्हें जल निकासी की सुविधा मिलनी चाहिए।



नारनौल। पार्क गली में जमा पानी व पानी में खड़ी दुकानदारों की बाइक। फोटो : हरिभूमि



मंडी अटेली। अटेली-रेवाड़ी रोड पर स्वास्थ्य मंत्री कार्यालय के सामने भरा पानी।

## मंडी अटेली में झूमकर बरसे बदरा, सुहाना हुआ मौसम

**मंडी अटेली।** अटेली मंगलवार को हुई बारिश से लोगों को गर्मी से लगभग निजात मिल गई है। बारिश के कारण तापमान में आई गिरावट से लोग राहत महसूस कर रहे हैं। जून महीने में पड़ रही भीषण गर्मी के कारण लोगों का जीना दूभर हो गया था। सूरज भी पूरी आग बरसा रहा था और लोगों का घरों से बाहर निकलना काफी मुश्किल हो गया था। बारिश व आकाश में बादल देखकर किसानों के चेहरे खिल गए हैं। बारिश से पहले सवा चार बजे करीब बादलों में अंधेरा छा गया। लगातार 40 मिनट तक हुई बारिश से अटेली शहर के कई इलाकों में जलभराव हो गया। अनाज मंडी, नए बस स्टैंड, अटेली कनीना रोड पर, बस स्टैंड अटेली, अटेली के मुख्य बाजार की गली, स्वास्थ्य मंत्री आरती राव के कार्यालय के सामने के जल भराव हो गया।

## बारिश के बाद लोगों को उमस भरी गर्मी से मिली राहत, बरसात से शहर की सड़कें हुई जलमग्न

- मंगलवार की बारिश बाजरे की फसल के लिए बनेगी वरदान, जिले में करीब एक महीने पहले हुई है बाजरे की बिजाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

शहर में दिन के समय हुई झमाझम बारिश से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली, लेकिन शहर के गली-मोहल्ले और सड़क जलमग्न हो गए। शहर की सड़कों पर पानी भरे रहने से लोगों को आवागमन में परेशानी हुई।

बता दें कि जिले में पिछले एक सप्ताह से पड़ रहीं तेज गर्मी के कारण लोगों को परेशानी उठानी पड़ रहीं थी। जिले में पांच दिन से अधिकतम तापमान अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियम के आसपास बना हुआ था। तेज गर्मी के कारण लोगों का हाल बेहाल हो गया था।

लोग घरों में कैद हो गए थे। दोपहर के समय शहर में चहल-पहल गायब हो गई थी। सड़कें सुनसान हो गई थी। गर्मी बढ़ने के साथ शीतल पेय पदार्थों की मांग बढ़ गई थी। बाजर में चौक-चौराहे पर नींबू पानी, गन्ना रस, लस्सी, छाछ सहित अन्य पेय पदार्थों की दुकानों पर भीड़ नजर आ रही थी। इसके अलावा जगह-जगह तरबूज, खीरा, ककड़ी, समेत मौसमी फलों की दुकान लोग खरीददारी करते दिखे। बढ़ती गर्मी को लेकर मौसमी फलों व पेय पदार्थों की खूब बिक्री हो रहीं थी। मंगलवार को शाम करीब 3:50 बजे से शुरू हुई बरसात से लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली हैं।

मंगलवार शाम करीब 3:50 बजे अचानक बारिश आनी शुरू हो गई। करीब एक घंटे तक हुई बरसात से शहर की अधिकतर सड़क जलमग्न हो गई। शहर के गली-मोहल्लों की सड़कों पर पानी भरने से वाहनों का निकलना मुश्किल हो गया। मौहल्ला महायचान में तो घरों तक बारिश का पानी भर गया। शहर में हुई बरसात से नपा के पानी निकासी के दावों की पोल खोल कर रख दी। वहीं एसडीएम रोड पर पानी निकासी की व्यवस्था नही होने के कारण अनाज मंडी गेट से लेकर एसडीएम निवास तक सड़क पानी से लबालब भर गई।



महेंद्रगढ़। डॉ. भगत वाली गली में भरा बरसात का पानी। फोटो : हरिभूमि

#### इन इलाकों में भरा पानी

शहर में बरसात से शहर के अनेक हिस्सों में पानी भर गया। जिससे वाहन चालकों व राहगीरों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। शहर के मौहल्ला महायचान, ब्रहमदेव चौक, खाद्य पूर्ति विभाग कार्यालय, गंगा देवी पांड्ये नेत्र चिकित्सालय, डुलाना रोड, रेलवे फ्लाईओवर के नीचे, ब्रहमचारी रोड, ऑटो मार्केट, पुराना कोर्ट, डॉ. भगत वाली गली, सैन धर्मशाला के पास, मौहल्ला वाल्मीकि सहित अनेक जगहों पर जल भराव की स्थिति रहीं।

#### फसलों को मिलेगा लाभ

किसानों को इस समय बाजरे की फसल को लेकर बारिश की आवश्यकता थी। किसानों ने करीब महीने भर पहले हीं बिजाई की थी। मंगलवार को हुई बारिश के बाद बाजरे के बीज तेजी के साथ अंकुरित होंगे।

## एनएसयूआई ने कुलपति का पूतला फूंका

- एग्रीकल्चर विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों पर लाठीचार्ज का किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ नांगल चौधरी



नांगल चौधरी। अस्थाई बस स्टैंड पर हिसार यूनिवर्सिटी के कुलपति का पूतला फूंकते एनएसयूआइ कार्यकर्ता।

हिसार के एग्रीकल्चर विश्वविद्यालय में शांति पूर्वक धरने पर बैठे विद्यार्थियों पर लाठीचार्ज करके के विरोध में एनएसयूआई ने प्रवीण शेहरावत एडवोकेट की अगुवाई में कुलपति का पूतला फूंका व सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उन्होंने यूनिवर्सिटी प्रशासन पर तानाशाही के आरोप लगाते हुए कुलपति को तुरंत प्रभाव से निलंबित करने तथा पीड़ित विद्यार्थियों की लंबित मांगों को तत्परता पूर्वक स्वीकार करने की गुहार लगाई है। अन्यथा जिला मुखियालय में धरने प्रदर्शन की रूपरेखा बनाई जाएगी।

विश्वविद्यालय में पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों को आरक्षण अधिनियम के अंतर्गत वजीफा देने का प्रावधान है, लेकिन बीते साल पंजीकृत विद्यार्थियों को निर्धारित वजीफा नहीं मिला। जिससे आक्रोशित छात्र ज्ञापन सौंपने के लिए कुलपति के कार्यालय में पहुंचे और समस्या से अवगत कराया, लेकिन उन्होंने ज्ञापन लेने से इंकार करते हुए कार्यालय से बाहर निकाल दिया। जिससे गुस्साए युवाओं ने गेट पर बैठक की और सर्वसम्मति से धरने पर बैठने का फैसला लिया। इस दौरान यूनिवर्सिटी के प्रोफेसरों व अन्य स्टाफ कर्मियों ने निहत्थे छात्रों पर लाठियां बरसानी आरंभ कर दी, कई विद्यार्थियों को बर्बरता से पीटा। जिनके कई शारीरिक अंगों में फैक्चर आया है। वारदात के बाद पूरे प्रदेश में आक्रोश की स्थिति बनी हुई है।

शांति पूर्वक धरने पर बैठे विद्यार्थियों को घसीट-घसीट कर पीटना जघन्य अपराध है। उन्होंने जिला प्रशासन से दोषी कर्मचारियों से जल्द गिरफ्तार करने की गुहार लगाई है। रोष प्रदर्शन में कृष्ण गुर्जर, अशोक कुमार, बिक्रम सिंह मौजूद शामिल रहे।

## जोहड़ में डूबने से 83 वर्षीय बुजुर्ग महिला की मौत

- गांव में आयोजित धार्मिक जागरण में शामिल होने जा रही थी महिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

गांव भगड़ाना निवासी करीब 83 वर्षीय बुजुर्ग महिला की जोहड़ में डूबने से मौत हो गई। महिला गांव में आयोजित धार्मिक जागरण में शामिल होने जा रही थी। पुलिस ने मृतक महिला का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। गांव भगडाना निवासी ओमप्रकाश ने पुलिस में दिए बयान में बताया कि उसकी 83 वर्षीय मां चेमली देवी उसके छोटे भाई पवन और भगत सिंह के पास ट्यूबवेल पर रहती थी, जबकि वो और उसका भाई विक्रम गांव में रहते हैं। सोमवार की रात हनुमान मंदिर पर बाबा का जागरण था, जहां जाने के लिए उसकी मां रात लगभग 8:30 बजे अपने ट्यूबवेल से निकली।

ट्यूबवेल से करीब 400 मीटर पर दोहन नदी पड़ती है, उस पर रिचार्ज की स्कीम के तहत कच्चा नाला बनाया हुआ है। जो गांव झूक से लिंक रोड पर निकलता है। जहां पर एक तालाब भी है। उस रिचार्ज पर एक पुल बना हुआ है, जिसकी दीवार लगभग ढाई फीट ऊंची बनाई हुई है। परिजनों ने संभावना जताई कि महिला आराम करने के लिए वहां बैठ गई होगी। पुल पर बैठने के बाद उसका शरीर का बैलेंस बिगड़ गया और वह तालाब में गिर गई, जिससे उसकी मौत हो गई।

रात में जागरण का प्रोग्राम होने के कारण किसी को कोई शक नहीं हुआ, देर रात उनको पता चला कि उसकी मां घर पर नहीं है। जिसके बाद उनकी तलाश की गई। सुबह करीब साढ़े पांच बजे गांव के ग्रामीण उधर घूमने के लिए जाते हैं। उस समय जोहड़ में पानी के ऊपर डेड बॉडी तैरती हुई दिखाई दी, जिसका मुंह पानी के नीचे था। ग्रामीणों ने 112 नंबर पुलिस को कॉल कर सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को तालाब से बाहर निकाला। जिसकी पहचान चमेली देवी भगडाना के रूप में हुई है। पुलिस मृतकाक का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया है।

## चार साल पहले सीवर में मरे कर्मी का अब हुआ केस दर्ज

**नारनौल।** करीब सवा चार साल पहले शहर में सीवर की सफाई करते वक्त जहरीली गैस चढ़ने से एक सीवरमैन की मौत हो गई थी, उस मामले में पुलिस ने अब कार्रवाई करते हुए अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

दशमेश नगर निवासी घनश्याम ने बताया कि सीवर की सफाई करते समय एक कच्चे कर्मचारी की जहरीली गैस से मौत हो गई थी। वह कर्मचारी 15-20 सालों से विभाग में कार्यरत था। उन्होंने बताया कि 25 मार्च 2021 को वाल्मीकि समाज के एक व्यक्ति दीपक पुत्र तोताराम वासी वार्ड नंबर 17 वाल्मीकि बस्ती की मौत हुई थी। सीवर साफ करते वक्त मृतक के मुंह व नाक से खून बहने लगा था। आनन-फानन में परिजन नजदीकी डा. जगबीर यादव महावीर चौक के पास ले गए। उन्होंने दूसरे डाक्टर के पास ले जाने का कहा। इसके उपरांत परिजन डा. विजय अस्पताल ले गए। वहां डाक्टर ने एडमिट कर लिया। लगभग रात्रि दस बजे मृत घोषित कर दिया। इसलिए ठेकेदार व विभाग के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए। दूसरी ओर दीपक की मौत होने उपरांत पुलिस को सूचित किया गया, जिस पर पुलिस दरखास्त के अनुसार मृतक दीपक के घर दशमेश पहुंचे, जहां मृतक की नाश मकान पर रखी हुई मिली। दरखास्त से मामला जहरीली गैस सिर में चढ़ने से मौत होना पाया गया।

### हकेंवि में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए सत्र 2025-26 के दाखिले की प्रक्रिया जारी

## संस्कृत के अध्ययन में सुरक्षित भविष्य, 23 तक कराया जा सकता है रजिस्ट्रेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए सत्र 2025-26 के दाखिले की प्रक्रिया जारी है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत सीयूईटी (पीजी) 2025 के विद्यार्थी आगामी 23 जून तक पंजीकरण करा सकते हैं। विश्वविद्यालय में दाखिले के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए संस्कृत विभाग द्वारा उपलब्ध एमए संस्कृत पाठ्यक्रम एक बेहतर विकल्प है।

विभाग भारत की पुरातन संस्कृति, वेद, योग, आयुर्वेद, प्राचीन विज्ञान को वर्तमान समय की आवश्यकताओं के अनुरूप अध्ययन के लिए उपलब्ध करा रहा है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने कहा कि यह पाठ्यक्रम परंपरागत संस्कृत के ज्ञान और उसके आधुनिक बदलावों व उपयोगों से विद्यार्थियों को अवगत कराता है। इस पाठ्यक्रम के अंतर्गत विभाग द्वारा संसाधनों में स्तर पर स्मार्ट क्लासरूम, प्रोजेक्टर जैसी नई शिक्षण तकनीकों के माध्यम से अध्यापन कर दक्षता विकसित की जा रही है।



महेंद्रगढ़। हकेंवि का भवन। फोटो : हरिभूमि

#### 10 से अधिक विद्यार्थियों ने नेट जेआरएफ की परीक्षा उत्तीर्ण की

विभाग के प्रभारी डॉ. देवेंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि एमए संस्कृत के अंतर्गत विद्यार्थियों में संस्कृत के प्रायोगिक पहलुओं जैसे वैदिक यज्ञ की विधियों, स्पीच थेरेपी के रूप में संस्कृत मंत्रोच्चारण का प्रयोग, आयुर्वेद की विधियों एवं उपचार पद्धतियों के महत्त्व, पर्यावरण संरक्षण की प्रविधियों, भाषा एवं तकनीकी के बेहतर प्रयोग आदि में कौशल विकास किया जाता है। जहां तक इस क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार के अवसरों की बात है तो संस्कृत के विद्यार्थी वर्तमान में सरकारी व निजी शिक्षण संस्थानों में शिक्षक के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इसी क्रम में बीते दो वर्षों में 10 से अधिक विद्यार्थियों ने नेट जेआरएफ की परीक्षा उत्तीर्ण की है तथा भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर) से शोधवृत्ति प्राप्त की है। डॉ. देवेंद्र राजपूत ने बताया कि संस्कृत अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षण संस्थानों के अतिरिक्त आकाशवाणी, दूरदर्शन, शोध संस्थानों, प्रकाशन विभागों, भारतीय सेना में धर्म शिक्षक जेसीओ, सी-डेक में भाषा अभियंता के रूप में रोजगार के उत्तम अवसर हैं। साथ ही पांडुलिपि संपादन, आईआईटी एवं आईआईएम जैसे संस्थानों में शोध सहायक, अनुवादक के रूप में राजकीय एवं निजी संस्थाओं में करियर बना सकते हैं। दाखिले के इच्छुक पात्र अभ्यर्थी पंजीकरण कर सकते हैं। विस्तृत विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।



# सितारे जमीन पर बिना किसी कट के हुई पास

**मुंबई।** बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान एक बार फिर बड़े पर्दे पर वापसी कर रहे हैं। उनकी मच अवेटेड फिल्म सितारे जमीन पर को आखिरकार सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन से हरी झंडी मिल गई है। खास बात ये है कि सेंसर बोर्ड ने इस फिल्म को बिना किसी कट के थिएटर में रिलीज करने की अनुमति दी है, जिससे आमिर के फैंस के बीच उत्साह दोगुना हो गया है। ये फिल्म 20 जून 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है। फिल्म की रिलीज से पहले इसे लेकर कुछ अड़चनों का सामना करना पड़ा था। सीबीएफसी की ओर से फिल्म में दो बदलाव करने का सुझाव दिया गया था, जिसके बाद फिल्म की रिलीज को लेकर असमंजस की स्थिति बन गई थी।



लाइफ Style

# जेनेलिया

## रोज 10 घंटे काम करती हूं, मुश्किल है, असंभव नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अभिनेत्री जेनेलिया डिसूजा से जब वर्क-लाइफ बैलेंस से जुड़ा सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि वे हर दिन 10 घंटे काम करती हैं। जेनेलिया डिसूजा फिल्म 'सितारे जमीन पर' फिल्म में नजर आएंगी, जो इसी महीने रिलीज होगी। हाल ही में जेनेलिया डिसूजा ने बताया कि वे अपनी निजी जिंदगी को कैसे मैनेज करती हैं? अभिनेत्री ने कहा कि डायरेक्टर जब काम के घंटे बढ़ा देते हैं तो वे एडजस्टमेंट कर लेती हैं। जेनेलिया ने कहा, 'यह मुश्किल है, लेकिन असंभव नहीं है। मैं दिन में 10 घंटे काम करती हूं और ऐसे दिन भी आते हैं जब डायरेक्टर इसे बढ़ाकर 11 या 12 घंटे करने के लिए कहते हैं'।

जेनेलिया डिसूजा ने आगे कहा, 'मुझे लगता है कि यह ठीक है, लेकिन हमें उन एडजस्टमेंट को करने के लिए समय चाहिए। जब आपके पास एक या दो दिन होते हैं, जब आपको ज्यादा काम करना पड़ता है। यह एक आपसी समझ और प्रोसेस भी है, जिसकी जरूरत है'। काम के घंटों को लेकर जेनेलिया की टिप्पणी ऐसे वक्त में आई है, जब फिल्म 'स्पिरिट' से दीपिका के बाहर होने के बाद शिफ्ट टाइमिंग को लेकर बहस छिड़ी है। संदीप रेड्डी वांगा निर्देशित फिल्म 'स्पिरिट' में दीपिका पादुकोण काम करने वाली थीं। मगर, उन्होंने आठ घंटे की शिफ्ट करने की शर्त रखी।


अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने जब से फिल्म 'स्पिरिट' छोड़ी है, इंडस्ट्री में शिफ्ट टाइमिंग और वर्क-लाइफ बैलेंस को लेकर चर्चा छिड़ गई है। दरअसल, दीपिका ने निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा से आठ घंटे की शिफ्ट करने की शर्त रखी थी। इस पर सहमति नहीं बनने पर दीपिका ने फिल्म छोड़ दी। इसके बाद कई सितारे दीपिका के बचाव में आ चुके हैं।

हॉलीवुड मसाला



# शो कैंसिल होने पर भड़क उठे लोग

**लॉस एंजिल्स।** कोलंबियाई सिंगर शकीरा का टेक्सास में होनेवाला कॉन्सर्ट पोस्टपोन कर दिया गया है, जिसके में लोगों में इसे लेकर काफी गुस्सा है। शकीरा के फैन्स उस समय भड़क गए जब सैन एंटोनियो के अलामोडोम में शुक्रवार रात को होने वाले उनके कॉन्सर्ट को कथित स्ट्रक्चरल इशूज़ के कारण अंतिम समय पर पोस्टपोन कर दिया गया। इस अनाउंसमेंट से पहले कॉन्सर्ट जाने वालों ने कई तस्वीरें और वीडियोज़ शेयर किए थे जिसमें चिलचिलाती गर्मी में स्टेडियम के बाहर फैन्स की लंबी लाइन नजर आ रही है। कई फैन्स ने कहा कि उन्हें अंदर जाने से पहले काफी देर तक बाहर रोक कर रखा गया।



# जिंदगी मुश्किल है, मुझे बहुत गुस्सा आता है!

**लॉस एंजिल्स।** अपने गानों से पूरी दुनिया को थिरकाने वाले सिंगर जस्टिन बीबर इन दिनों पर्सनल लाइफ के कारण चर्चा में बने हुए हैं। जिस तरह से वो सोशल मीडिया पर फोटोज शेयर कर रहे हैं और उनपर जो कैप्शन लिख रहे हैं, उससे यूजर्स तरह-तरह के कयास लगा रहे हैं। उनकी मेंटल हेल्थ से लेकर बीवी हैली बीबर संग अनबन को लेकर अफवाएं उड़ रही हैं। अब पहली बार जस्टिन ने इनपर रिएक्ट किया है। उन्होंने लिखा कि वो अपने बारे में सोचकर 'थक' गए हैं। उन्होंने गुस्सा आने की बात का भी जिक्र किया है। इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, 'लोग मुझे ठीक होने के लिए कहते रहते हैं। क्या आपको नहीं लगता कि अगर मैं खुद को ठीक कर सकता, तो मैं पहले ही कर चुका होता? मुझे पता है कि मैं टूट चुका हूं। मुझे पता है कि मुझे गुस्सा आता है। मैंने अपनी पूरी जिंदगी उन लोगों की तरह बनने की कोशिश की, जिन्होंने मुझसे कहा था कि मुझे उनके जैसा ठीक होना चाहिए।



# तलाक की अफवाहों पर लगाया ब्रेक

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता गोविंदा और उनकी पत्नी सुनीता आहूजा के बीच तलाक की अफवाहें एक बार फिर फैल रही हैं। वजह है सुनीता द्वारा अपने नाम से 'आहूजा' सरनेम हटाना और नाम में एक अतिरिक्त 'एस' जोड़ना। इस छोटे से बदलाव ने सोशल मीडिया पर बड़ी हलचल मचा दी है। तलाक की अटकलें एक बार फिर तूल पकड़ने लगीं, लेकिन. अब सुनीता ने खुद सामने आकर इन सभी अफवाहों पर विराम लगा दिया है। एक इंटरव्यू में सुनीता आहूजा ने स्पष्ट किया कि उनके नाम में किया गया ये बदलाव किसी भी पारिवारिक समस्या या तलाक से संबंधित नहीं है। उन्होंने बताया कि ये फैसला उन्होंने न्यूमरोलॉजी के मुताबिक लिया है। सुनीता ने कहा कि उन्होंने 'आहूजा' सरनेम हटाया और अपने नाम में एक अतिरिक्त 'एस' जोड़ा ताकि उन्हें नाम और शोहरत मिल सके।



# आशा भोसले के साथ 25 साल बाद गाया गाना

**मुंबई।** गायक अदनान सामी ने हाल ही में दिग्गज गायिका आशा भोसले के साथ गाना गाया है। उन्होंने आशा भोसले के साथ गाना गाने का अनुभव साझा किया है। उन्होंने आशा भोसले के साथ 'आओ ना' गाना गाया है। इस गाने में ईशा सिंह और अविनाश मिश्रा अदाकारी करेंगे। उन्होंने बताया है कि वह 'कभी तो नजर मिलाओ' के 25 साल के बाद उनके साथ एक गाने पर काम कर रहे हैं। एक बातचीत में अदनान सामी ने कहा 'आशा भोसले जी के साथ मेरा आखिरी बार गाना 25 साल पहले रिलीज हुआ था। यह गाना 'कभी तो नजर मिलाओ' था। उसके बाद हमने कई गाने किए। लेकिन, हमने कोई स्वतंत्र गाना नहीं किया। हमने कोई एकल गाना नहीं किया। इसलिए हमारी लंबे समय से इच्छा थी।' अदनान सामी ने कहा कि लोग भी चाहते

टीवी मसाला



# खूब हिट रहीं ये ऑनस्क्रीन जोड़ी किरदार के नाम से पहचानते हैं लोग

**नई दिल्ली।** बड़े पर्दे और ओटीटी का अलग जलवा है। मगर, छोटे पर्दे का दर्शक वर्ग भी कम बड़ा नहीं है। यहां की कुछ जोड़ियां खूब लोकप्रिय हुई हैं। हाल ही में 'बड़े अच्छे लगते हैं' का नया सीजन शुरू हुआ है। इस बार शो में नई जोड़ी ऋषभ (हर्षद चोपड़ा) और भाग्यश्री (शिवांगी जोशी) से मिलवाया गया है। टीवी की दुनिया में ऐसी कई ऑनस्क्रीन जोड़ी रहीं, जिनके नाम दर्शकों को आज भी याद हैं। साल 2001 में शुरू हुए इस सीरिलय ने दर्शकों का खूब प्यार बटोरा। प्रेरणा और अनुराग बसु की जोड़ी ने तहलका मचा दिया। प्रेरणा की भूमिका अभिनेत्री श्वेता तिवारी ने निभाई। वहीं, अनुराग बसु का रोल सीजेन खान ने निभाया। दोनों ने इस सीरियल से जो लोकप्रियता पाई, उसका मुकाबला नहीं। यह सीरियल 2008 में खत्म हुआ। क्योंकि सास भी कभी बहू थी सीरियल ने छोटे पर्दे पर तहलका मचा दिया था। तुलसी का किरदार स्मृति ईरानी ने निभाया, जो अब राजनीति की दुनिया में सक्रिय हैं। वहीं, मिहिर की भूमिका अमर उपाध्याय ने निभाई। हालांकि, बाद में मिहिर के किरदार में अमर उपाध्याय को रिप्लेस किया गया और यह किरदार इंद्र कुमार और रोनित रॉय ने निभाए। तुलसी और मिहिर विरानी की जोड़ी ऑनस्क्रीन हिट रही। टीवी शो 'कहीं तो होगा' भी खूब हिट रहा। साल 2007 में आए इस सीरियल में कशिश और सुजल की लव स्टोरी दिखाई गई। कशिश का रोल आमना शरीफ ने निभाया। वहीं, सुजल की भूमिका में राजीव खंडेलवाल दिखे।

## पहले एपिसोड से ही हर्षद-शिवांगी ने जीता दिल

नई दिल्ली। एकता कपूर के शो बड़े अच्छे लगते हैं नया सीजन शुरू हो गया है। 16 जून को शो का पहला एपिसोड ऑनएयर हुआ है। शो में हर्षद चोपड़ा और शिवांगी जोशी लीड रोल में नजर आए हैं। पहला एपिसोड देखते ही लोग एक बार फिर इन दोनों के फैन हो गए हैं। पहले एपिसोड को



लोगों का काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। हर्षद चोपड़ा को ऐसे लुक में देखकर उनकी फीमेल फैंस एक बार फिर खुश हो गई हैं। सोशल मीडिया पर इस एपिसोड की खूब तारीफ हो रही है। पहले एपिसोड से ही लोगों का कनेक्शन इस शो से बन गया है। हर्षद चोपड़ा को लोगों का खूब प्यार मिल रहा है। सबसे ज्यादा हर्द की एंट्री की तारीफ हो रही है। फैंस अभी से दूसरे एपिसोड का इंतजार कर रहे हैं। पहले एपिसोड को देखकर लग रहा है कि ये कहानी फेक शादी से शुरू होकर प्यार होने तक चलेगी. इस तरह की स्टोरी पहले कभी टीवी पर देखने को नहीं मिली है। फैंस को इंतजार है कि ऋषभ और भाग्यश्री क्या जादू दिखाते हैं। पहला एपिसोड देखने के बाद लोग सोशल मीडिया पर इसकी तारीफ कर रहे हैं।




# वॉर 2 के टीजर में ऋतिक के कूल लुक का खुला राज

**मुंबई।** फिल्म वॉर 2 में यशराज फिल्म्स की जासूसी दुनिया का सबसे लोकप्रिय जासूस कबीर फिर से लौट रहा है। कबीर को इस बार एक अलग लुक के साथ पेश करने की जिम्मेदारी मिली है, अनाइता श्रॉफ अदजानिया को। अनाइता ने इस फिल्म के लिए खूब सारी रिसर्च की है। अंतरराष्ट्रीय स्तर की कॉस्ट्यूम पर अपना ध्यान दिया है और अपनी स्टाइलिंग से ये दिखाने की कोशिश की है कि बिना तड़क भड़क वाले कपड़ों के भी कोई सितारा कैसे सबका दुलारा बन सकता है!

ऋतिक रोशन के दीवाने पूरी दुनिया में हैं। अपनी चुंबकीय शख्सियत से वह युवाओं के साथ-साथ बच्चों व किशोरों को भी बीते 25 साल से अपना दीवाना बनाते आ रहे हैं। खुद को सुपरहीरो के रूप में पेश करने वाली फिल्म कृष की अगली कड़ी में वह निर्देशक भी बनने जा रहे हैं। हालांकि, कम लोगों को ही पता होगा कि उन्होंने सिनेमा में अपनी शुरुआत अपने पिता राकेश रोशन के साथ सहायक निर्देशक के तौर पर ही की थी। फिल्म वॉर 2 इसलिए भी खास है, क्योंकि इस फिल्म की रिलीज के बाद ऋतिक सीधे कृष 4 में दिखेंगे। फिल्म वॉर में ऋतिक रोशन के किरदार कबीर को दर्शकों ने एक खास अंदाज के साथ देखा है और उस अंदाज को और निखारने की जिम्मेदारी जब इसकी सीक्वल में कॉस्ट्यूम डिजाइनर अनाइता श्रॉफ अदजानिया को मिली तो उन्होंने इसे चुनौती के तौर पर लिया। अनाइता कहती हैं, 'मैं बहुत भाग्यशाली रही हूं कि मुझे ऋतिक के साथ धूम 2, बैंग बैंग जैसी फिल्मों में काम करने का मौका मिला।

# 'आप जैसा कोई' 11 जुलाई में होगी रिलीज

**मुंबई।** एक्टर आर. माधवन और फातिमा सना शेख की आगामी फिल्म 'आप जैसा कोई' की रिलीज डेट से पर्दा उठ गया है। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर 11 जुलाई को रिलीज होगी। मंगलवार को नेटफ्लिक्स ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्टर शेयर कर रिलीज डेट बताई है। फिल्म 11 जुलाई से स्ट्रीम होगी। मंगलवार को जारी हुए पोस्टर में फातिमा और माधवन रोमांटिक अंदाज में नजर आ रहे हैं। दोनों एक बैंच पर बैठे हैं और एक-दूसरे को निहारते हुए मुस्कुरा रहे हैं। इस पोस्टर के साथ कैप्शन लिखा है, 'इस रॉमकॉम को 'आप जैसा कोई' का इंतजार था। माधवन और फातिमा को 'आप जैसा कोई' में प्यार तलाशते हुए देखें। बता दें कि यह एक रोमांटिक फिल्म है, जिसे विवेक सोनी ने निर्देशित किया है। फिल्म 'आप जैसा कोई' को करण जौहर की धर्माटिक एंटरटेनमेंट ने बनाया है। यह दो अलग-अलग व्यक्तियों की दिल छू लेने वाली प्रेम कहानी है। नेटफ्लिक्स के पोस्ट पर



नेटिजन्स प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'माधवन के साथ कंगना ज्यादा अच्छी लगतीं'। एक यूजर ने लिखा, 'फाइनली हम माधवन को फिर से मैडी वाले अवतार में देख पाएंगे'। इस फिल्स से पहले आर माधवन फिल्म 'केसरी चैप्टर 2' में नजर आए थे। 'केसर 2' में माधवन के अलावा अक्षय कुमार और अनन्या पांडे ने अहम भूमिका निभाई है। यह फिल्म भी अब ओटटी पर उपलब्ध है।

## अधूरी प्रेम कहानी : उसी ने बनाया कॅरियर और कर दिया बर्बाद भी

# शादीशुदा एक्टर ने एक गरीब लड़की को बना दिया सुपरहिट हीरोइन

हिंदी सिनेमा में कई लवस्टोरीज ऐसी हैं जिनके बारे में तो सब जानते हैं। मगर, कुछ प्रेम कहानियां ऐसी हैं जो दर्शकों तक कम ही पहुंच पाती है। एक कहानी है अरुणा ईरानी और महमूद की भी। शादीशुदा महमूद का और अरुणा एक-दूसरे के करीब आ चुके थे। खुद एक्ट्रेस ने भी अपने रिलेशनशिप की बात कबूल की थी। मगर, फिर एक कारण के चलते दोनों के रास्ते अलग हो गए और ये प्रेम कहानी अधूरी रह गई। हाल में ही एक इंटरव्यू में अरुणा ईरानी ने खुलकर इस बारे में बात की। उन्होंने ये भी कहा कि महमूद ने ही उनका कॅरियर बनाया और बर्बाद भी कर दिया।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

78 साल की अरुणा ईरानी ने कहा, 'डांस डायरेक्टर सुरेश भट्ट ने मुझसे कहा था कि तू महमूद को घास डाल। वही एक ऐसे इंसान हैं जो तुझे काम दे सकते हैं। लेकिन, मैं थी कि ज्यादा कुछ नहीं कहती थी, सिर्फ हां या न महमूद को जवाब देती थी। फिर महमूद ने मुझे काम देना शुरू कर दिया। धीरे धीरे उनके दिल में मेरे प्रति एक सॉफ्ट कॉर्नर बन गया। मैंने उनके जरिए फेम, पैसा, नाम और बहुत कुछ देखा। फिर मैं सोचती थी कि मैं कब तक इस आदमी को बेवकूफ बनाऊंगी। फिर हम दोनों अच्छे दोस्त और दोस्त से भी ज्यादा करीब आ गए। लेकिन, ये उनके लिए ये इतना ही था।'



### गरीब परिवार से आती थीं

अरुणा ईरानी ने खुलासा किया कि कैसे उन्होंने काम पाने के लिए एक्टर को खुश करने का हर संभव कोशिश की थी। इसके बदले उन्होंने भी एक्ट्रेस का करियर संवारा था। ईरानी ने स्वीकार किया कि उन्होंने हद से बाहर जाकर उनकी खुशामत की। उन्होंने कहा, 'मैं बहुत ही गरीब फैमिली से आती हूं। मैंने पहली बार पैसा शौहरत और सब कुछ देखा था।'

### शादीशुदा थे महमूद

अरुणा ईरानी ने वो किस्सा भी याद किया जब विनोद खन्ना ने महमूद से कहा था कि क्या सच में वह फिल्म में उनकी लीड हीरोइन होंगी? उन्होंने महमूद से ये भी कहा कि क्या वह शादीशुदा हैं। महमूद ने तब ईरानी की ओर देखा और मुस्कुरा दिया। लेकिन, कुछ कहा नहीं। अरुणा ने कहा कि महमूद ने मेरा कॅरियर बनाया और बर्बाद भी कर दिया।

### ब्रेकअप की वजह

*इस इंटरव्यू में वेटरन जर्नलिस्ट भारती एस प्रधान ने एक्ट्रेस को बताते हुए कहा, 'महमूद भाई ने मुझसे कहा हमें ब्रेकअप करना पड़ा, क्योंकि मेरी पत्नी को ये अच्छा नहीं लगा। अरुणा तो शादी करना चाहती थीं, लेकिन मैं शादी न कर सका। उन्होंने मुझे ये कारण बताया था, लेकिन आप बताओ क्या कारण था।'*

### पत्नी ने करवाया अलग

*फिर अरुण ईरानी अपने हिस्से की बात बताती हैं, 'उनकी फैमिली उन्हें मेरे साथ काम करने से भी रोकती थी। उसके बाद मेरा कोई रिश्ता उनके साथ नहीं था। लेकिन, मेरी बहुत सारी जिम्मेदारियां थीं अपने परिवार को लेकर। मुझे इस ब्रेकअप के बाद किसी ने काम नहीं दिया। मैंने फिर गाने करने शुरू कर दिया। लेकिन, मुझे इस बात का कोई पछतावा नहीं कि कैसे में लीड हीरोइन से डांस करने लगीं। मैं बस कमाना चाहती थी। '*

## खबर संक्षेप



मंडी अटेली। आर्यन कौशिक को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### तोबड़ा के आर्यन कौशिक को किया सम्मानित

**मंडी अटेली।** अटेली मण्डी अंडरपास संघर्ष समिति अटेली के संयोजक डॉ. राजेन्द्र प्रसाद खरब की अगुवाई में तोबड गांव के आर्यन कौशिश को उनके फाइटर पायलट के चयन के बाद सफल प्रशिक्षण पूरा करने के बाद नियुक्ति मिलने पर उनके अटेली स्थित आवास पर सम्मानित किया गया। इस मौके पर डॉ. राजेन्द्र प्रसाद खरब ने तोबड़ा गांव के आर्यन कौशिश को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा इस मुकाम तक पहुंचने के लिए कड़ी मेहनत व लग्न तथा दृढ़ निश्चय से ही सफलता की सीढ़ी का लक्ष्य हासिल कर पाए।

### रिटायर्ड बीडीपीओ रामपत यादव का निधन

**मंडी अटेली।** यूपी के चित्रकूट मंडल के कमिश्नर व खेड़ी निवासी



आईएएस अजीत यादव के पिता रिटायर्ड बीडीपीओ रामपत यादव का हार्ट फेल होने से निधन हो गया। वह 85 वर्ष के थे तथा अटेली मंडी में अपने छोटे पुत्र डीपीई अमर सिंह के पास रहते थे। वे अपने पीछे पांच पुत्र तथा एक पुत्री समेत भरापूरा छोड़ कर चले गए हैं।

### आश्रम का ताला तोड़कर हजारों का सामान चोरी

**महेंद्रगढ़।** गांव जेरपुर के आश्रम से अज्ञात चोर हजारों रुपये का सामान चोरी करके ले गए हैं। आश्रम के संत ने सतनाली पुलिस थाने में शिकायत देकर चोर को पकड़ने व सामान बरामद करने की मांग की है। पुलिस ने पीड़ति शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव जेरपुर निवासी संत लहर आश्रम के संचालक गंगाराम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह एक जून को सत्संग सुनने के लिए उदयपुर वाटी गया था।

## अटेली में भाजपा का संकल्प से सिद्धि विचार संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन

# प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश सशक्त निर्णय लेने में सक्षम: वीर कुमार

संकल्प से सिद्धि विचार संगोष्ठी में नरेंद्र मोदी सरकार की 11 साल की उपलब्धियां को गिनाया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर मंगलवार को अटेली में संकल्प से सिद्धि विचार संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन स्वास्थ्य मंत्री के कार्यालय अटेली में किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता वीर कुमार यादव एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव द्वारा की गई। इस संकल्प से सिद्धि विचार संगोष्ठी में नरेंद्र मोदी सरकार की 11 साल की उपलब्धियां को गिनाया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता वीर कुमार यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश सशक्त निर्णय लेने में सक्षम हो रहा है।

ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य मिशन नहीं है यह हमारे संकल्प, साहस और बदलते भारत की तस्वीर है। वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है। जिस प्रकार से 11 वर्षों के शासनकाल में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से गांव-गांव में सड़क निर्माण हुआ, स्वच्छ भारत अभियान, डिजिटल इंडिया, आयुष्मान भारत, आत्म निर्भर भारत, जन-धन योजना, गरीबों के लिए प्रति व्यक्ति को पांच किलो फ्री राशन देश के 80 करोड़ लोगों तक पहुंचाना वह ऐतिहासिक कार्य है। आज विश्व स्तर में भारत का डंका बज रहा है। पूरे देश में जल जीवन मिशन के तहत पूरे देश में एक–एक घर में जल नल देंगे, जो तीव्र गति से पूरे देश में काम चल रहा। आने वाले दिनों में सरकार की योजनाओं को लोगों तक ले जाने के लिए अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

इस मौके पर पूर्व विधायक सीताराम यादव ने बताया कि आज प्रदेश सरकार में बुढ़ापा पेंशन योजना में 60 वर्ष पूरे होने पर अधिकारी खुद आकर आपके घर पर कागजात लेकर आपकी बुढ़ापा पेंशन बना रहा है। हरियाणा के युवाओं के लिए बिना पर्ची बिना खर्ची के युवाओं को नौकरी दे रही है। आज भारत को पूरे विश्व में सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है। जब से एनडीए की सरकार बनी है तब से प्रधानमंत्री मोदी और भारत को सम्मान की नजरों से देखा जाता है और हमारे पीएम आंख में आंख डालकर बात करते हैं।



मंडी अटेली। संकल्प से सिद्धि विचार संगोष्ठी को संबोधित करते भाजपा जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर हरियाणा भाजपा प्रदेश के उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह चिड़ाना, पूर्व विधायक सीताराम यादव, स्वास्थ्य मंत्री के पीए विकास यादव, संजय गोयल, राजेन्द्र चेयरमैन, अटेली भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश कुमार गनियार, मुकेश मंडल अध्यक्ष बाछौद, अजीत कलवाड़ी, जिला महामंत्री भवानी सिंह राजपूत, विकास अग्रवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष दयाराम यादव, भाजपा नेता प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कुलदीप यादव, पूर्व सरपंच सुरेश गढ़ी, वार्ड नंबर एक से पार्षद प्रतिनिधि आनंद शर्मा, विकास चेयरमैन, दिनेश जेलदार, ईश्वर ठेकेदार, नरेंद्र सराय सरपंच, कर्मवीर खिंची, कृष्ण राजपुरा, पूर्व चेयरमैन अशोक, प्रदीप तिगरा, विकास चेयरमैन, समाजसेवी तेजप्रकाश, प्रदीप सैनी, हेमंत, भूपेश कटारिया व संजय इत्यादि बीजेपी के कार्यकर्ता मौजूद थे।



नांगल चौधरी। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से रूबरू होते परिवेक्षक कुलदीप इंदौरा व विधायक मंजू चौधरी। फोटो : हरिभूमि

## नेतृत्व की क्षमता का आंकलन करके जिला प्रधान की सौंपी जाएगी जिम्मेदारी: कुलदीप

**नांगल चौधरी।** बहरोड़ रोड पर स्थित जाट धर्मशाला में संगठन सृजन अभियान के तहत कार्यकर्ताओं की बैठक विधायक मंजू चौधरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें कांग्रेस के जिला परिवेक्षक सांसद कुलदीप इंदौरा व प्रभारी महताब अहमद मुख्य रूप से मौजूद रहे। उन्होंने जिला संगठन गठित करने के लिए कार्यकर्ताओं से विचार विमर्श किया तथा आवेदकों की नेतृत्व क्षमता का आंकलन किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में 36 बिरादरी का हित सुरक्षित है, सत्ता मिलने पर हमेंशा पिछड़े वर्ग को उभारने का काम किया है, लेकिन बीते कई सालों से प्रदेश में संगठन नहीं जिस कारण वोटरों तक पार्टी की नीतियों को पहुंचाना संभव नहीं हो रहा है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व नेता प्रतिपक्ष के निर्देशानुसार प्रदेश में संगठन का सृजन किया जाएगा। इसके लिए ब्लॉक स्तर पर परिवेक्षक टीम का गठन किया है। नांगल चौधरी हलके में विधायक मंजू चौधरी की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं से राय पूछी गई। इस दौरान संजय पटीकरा, चंद्रप्रकाश एडवोकेट, महेश सोडा, देवेंद्र नंबरदार, सतबीर झुकिया, रामसिंह रायमलिकपुर, सुरेश पार्षद, शीशराम एडवोकेट, राजेश रावत, प्रवीण चौधरी, होशियार रावत, पूर्व जिला प्रधान बबलू यादव, संदीप यादव, प्रदीप यादव, सत्यपाल दहिया ने परिवेक्षक से मुलाकात करके उन्हें संगठन के संदर्भ में सुझाव दिए।

परिवेक्षक कुलदीप इंदौरा ने बताया कि जिला प्रधान के लिए आवेदन लिए गए हैं, अब प्रत्येक आवेदक की नेतृत्व क्षमता का आंकलन किया जाएगा इसके बाद दायित्व सौंपना संभव हो पाएगा। बैठक में सैनी सभा के पूर्व प्रधान रतनलाल सैनी, नंदलाल बाबूजी, ओमप्रकाश मांडैया, जगदीश गिरदावर मौजूद रहे।

## एसडी ककराला की छात्रा प्राकी ने उत्तीर्ण की नीट की परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककराला की छात्रा प्राकी ने हाल ही में जारी किए गए नीट के परीक्षा परिणाम में 619 अंक लेकर ऑल इडिया में 30वां रैंक प्राप्त कर विद्यालय तथा क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय के चेयरमैन जगदेव यादव ने प्राकी को समृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि कक्षा कक्ष में पढ़ाई कर छात्रा ने अतुलनीय सफलता हासिल की है। छात्रा ने कहा कि मेहनत का कोई विकल्प नहीं होता। कठोर परिश्रम व सही मार्गदर्शन से असंभव कार्य को भी आसानी से पूरा किया जा सकता है। इस मौके पर अभिभावक कृष्ण कुमार ककराला, नवीन शर्मा, अजय कुमार, रितु सिंहोर, प्राचार्य ओमप्रकाश, सीईओ आरएस यादव, नरेन्द्र कुमार, सुरेन्द्र चौहान, अविनाश, देवव्रत, मुकेश शर्मा, सुनिल कुमार, सुमित, यशपाल, सरित बाला आदि मौजूद थे।



कनीना। छात्रा को सम्मानित करते विद्यालय के चेयरमैन जगदेव यादव व अन्य।

## आरपीएस कॉलेज में हुआ वार्षिक उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

आरपीएस कॉलेज आफ एजुकेशन खातोद में वार्षिक उत्सव का आयोजन हुआ, जिसमें बीएड कर रहे भारत के भावी अध्यापकों ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी एवं बीएड परीक्षा परिणाम में कॉलेज एवं यूनिवर्सिटी में टॉप पोजिशन प्राप्त करने वाले को सम्मानित किया गया। आरपीएस ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशन की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव चीफ गेस्ट रही तथा सोसायटी प्रबंधन समिति मेंबर विक्रम यादव स्पेशल गेस्ट रहे। प्राचार्य डॉ. शशी कुमार यादव ने कार्यक्रम में आए मेहमानों का अभिवादन किया। कार्यक्रम का शुभांरभ विधिवत रूप से सरस्वती वंदना के साथ हुआ। डॉ. पवित्रा राव ने बीएड पासआउट कर रहे भावी अध्यापक-अध्यापिकाओं को विभिन्न उदाहरणों से मोटिवेट किया। उन्होंने बताया कि प्लानिंग का जीवन में बहुत योगदान है, हमें हर रोज दिनभर की प्लानिंग करनी चाहिए और कक्षा कक्ष में जाने से पहले हमें लेसन प्लान के हिसाब से टीचिंग करवानी चाहिए। उन्होंने कहा कि कोई भी स्टूडेंट्स कमजोर नहीं होता, अगर अध्यापक चाहे तो इनोवेशंस, टीचिंग एड्स एवं दैनिक जीवन में प्रयोग होने वाले उदाहरणों के माध्यम से किसी भी स्टूडेंट्स को टॉपर बना सकता हैं। सीईओ इंजीनियर मनीष राव व डिप्टी सीईओ कुनाल राव ने भी भावी अध्यापकों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के स्पेशल गेस्ट विक्रम यादव ने कहा कि स्किल्स का हमारे जीवन में विशेष योगदान है प्रत्येक व्यक्ति में कोई न कोई स्किल्स अवश्य होती है, इसलिए हमें मार्क्स के पीछे भागने की बजाए अपनी स्किल्स पर ध्यान देना चहिए।



महेंद्रगढ़। चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### सीईटी की तिथि बढ़ाने की मांग

**नारनौल।** बहुजन समाज पार्टी के नेता प्रमुख समाजसेवी अतरलाल एडवोकेट ने सरकार से सीईटी आवेदन तिथि पुनः बढ़ाने व भरे गए फार्म में अभ्यर्थियों को सुधार का मौका देने की मांग की है। अतरलाल ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को प्रेषित ज्ञापन में कहा है कि पोर्टल में तकनीकी खराबी और आरक्षित श्रेणी के एससी, बीसी, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस जाति के प्रमाण पत्रों की दिक्कतों के कारण काफी संख्या में अभ्यर्थी आवेदन नहीं कर पाए। कई अभ्यर्थियों ने जाति प्रमाण पत्र न मिलने के कारण सामान्य श्रेणी में फार्म भरना पड़ा। अब उनको आरक्षित श्रेणी का लाभ न मिलने की चिंता सता रही है। उन्होंने कहा कि सरल पोर्टल की अव्यवस्था के कारण सीईटी आवेदन न कर पाने वाले अभ्यर्थियों तथा उनके अभिभावकों में भारी रोष व्याप्त है। इसलिए बहुजन समाज पार्टी ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर आवेदन की तिथि 15 दिन और बढ़ाने व अभ्यर्थियों को भरे गए फार्म में सुधार करने का मौका देने की मांग की है। उन्होंने कहा लोकतंत्र में सभी को फार्म भरने का उचित मौका मिलना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि राज्य सरकार ने तत्काल आवेदन की तिथि नहीं बढ़ाई व अभ्यर्थियों को फार्म में सुधार करने का मौका नहीं दिया तो बहुजन समाज पार्टी राज्यव्यापी आंदोलन करने पर मजबूर होगी।

### आरपीएस का छात्र अरुण एनसीसी कैडेट्स प्री थल सैनिक कैंप के लिए चयनित

**महेंद्रगढ़।** आरपीएस डिग्री कॉलज बलाना की नेशनल कैडेट्स कोर (एनसीसी) इकाई (16वीं हरियाणा बटालियन एनसीसी नारनौल) का मेधावी नॉन मेडिकल द्वितीय वर्ष का छात्र अरुण कुमार का चयन आगामी प्री-थल सैनिक कैंप के लिए हुआ है। इस खुशी पर संस्था चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव



सहित कॉलेज डॉयरेक्टर डॉ. महेश यादव, रजिस्ट्रार डॉ. देवेन्द्र यादव, प्रिंसिपल डॉ. देवेन्द्र कादयान, डीन डॉ. हेमंत कुमार, एनसीसी प्रभारी डॉ. कविता चौहान, शिक्षकों व विद्यार्थियों ने बधाई दी। कॉलेज एनसीसी प्रभारी डॉ. कविता चौहान ने बताया आरपीएस कॉलेज में एनसीसी 16वीं हरियाणा बटालियन की एक इकाई देश सेवा के लिए बड़ी मेहनत से काम कर रही है। जिसमें नॉन मेडिकल द्वितीय वर्ष के मेधावी छात्र अरुण कुमार की प्री-थल सैनिक दूरी और क्षेत्र संकेत का आकलन प्रतिस्पर्धा में चयन हुआ है। चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि थल सैनिक कैंप का उद्देश्य सेना प्रशिक्षण की मुख्य विशेषताओं से अवगत कराना तथा कैडेट्स में प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देना है।

## बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

गांव गोमला के पंचायत घर में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भोजावास पीएचसी की चिकित्सीय अधिकारी डॉ. दीपांशु और सुपरवाइजर ज्योति यादव ने की। अनिल रसूलपुरिया ने कार्यक्रम का संचालन किया। डॉ. दीपांशु ने बताया कि बेटा-बेटी को समान समझना और दहेज जैसी कुरीतियों को समाप्त करने के लिए ग्राम पंचायत गोमला में लिंगानुपात सुधार को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ज्योति यादव सुपरवाइजर ने मौजूद महिलाओं को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ पर शपथ दिलाई। उन्होंने कहा की 21वीं सदी में बेटी किसी भी मामलों में बेटों से कम नहीं हैं। बेटियों ने सेना प्रशासनिक सेवा राजनीति अध्यापन आदि सभी क्षेत्रों में अव्वल आकर अपनी पहचान बनाई है। बेटियां परिवार की नींव होती हैं। एक नहीं दो परिवारों के जीवन यापन को बेहतर बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। स्वास्थ्य कर्मी अनिल रसूलपुरिया व पुष्पा देवी ने बताया कि सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना बालिकाओं को संरक्षित और सुरक्षित करने के लिए बनाई गई योजना है। हरियाणा के हर जिले जिनमें लिंगानुपात कम है, उनमें सरकार द्वारा जागरूकता कार्यक्रम किए जा रहे है, जिससे काफी सुधार मिल सके। इस अवसर पर सरपंच वेदप्रकाश, पुष्पा, सुंदर, सुनीता, सविता, ललिता आशा वर्कर, अन्नु, सुधा यादव, प्रियंका, संतोष देवी, बबली देवी व काजल देवी आदि उपस्थित रहे।



महेंद्रगढ़। बेटी बचाने की शपथ लेते हुए। फोटो : हरिभूमि

## एचपीएस के पियूष ने नीट परीक्षा की उत्तीर्ण

**नारनौल।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से जारी नीट के परीक्षा परिणाम में नांगल चौधरी रोड स्थित हरियाणा पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी पियूष पुत्र



त्रिलोक कुमार ने 720 में से 543 अंक के साथ परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय की उपलब्धियों में चार चांद लगाए। एनटीए की ओर से घोषित नीट परीक्षा के परिणाम में पियूष ने अखिल भारतीय रैंक 15402 व कैटेगरी रैंक 1670 के साथ परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय, अपने माता पिता व क्षेत्र का नाम रोशन किया। विद्यालय डीन मनोज भारद्वाज व प्राचार्य सुनील यादव ने बताया कि पियूष प्रारंभ से ही एक होनहार छात्र रहा है। एचपीएस के विद्यार्थी पियूष ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी मेहनत, लगन विद्यालय के गुरुजनों के मार्गदर्शन व अपने माता पिता को देते हुए बताया कि वह शुरू से ही इस क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहता था। विद्यालय एमडी डॉ. हितेश वर्मा, निधि वर्मा व निदेशक पुष्करमल वर्मा ने बच्चे को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## भोजन वितरण से वर्षगांठ दुआएं एकत्रित करने का दिन बन जाती है: शास्त्री



नारनौल। श्रमिकों को भोजन वितरित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

*प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट के तत्वावधान में प्रसाद उत्सव के अंतर्गत श्रमिक भाई बहनों के लिए अल्पाहार की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम संयोजक एवं ट्रस्टी दिनेश शर्मा ने बताया कि प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट के तत्वावधान में मंगलवार को सेवानिवृत्त बाल कल्याण अधिकारी विपिन शर्मा व सुनीता शर्मा ने अपने विवाह की 42वीं वर्षगांठ पर श्रमिकों को अल्पाहार उपलब्ध कराया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शिक्षाविद एवं समाजसेवी दलजीत शास्त्री थे। आमंत्रित अतिथि के तौर पर पर्यावरण विद कृष्ण शर्मा एडवोकेट उपस्थित रहे। विवाह की वर्षगांठ पर श्रमिकों को भोजन करवाने के इस अभियान की शुरूआत पर मुख्य अतिथि दलजीत ने कहा कि वर्षगांठ व दुआएं एकत्रित करने का दिन है। आयोजक विपिन शर्मा ने कहा कि प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट के सेवा के कार्यक्रम समाज को नई दिशा देने वाले होते हैं। अध्यक्ष डॉ. संजय शर्मा ने कहा कि भारतीय संकृति में भोजन वितरण बहुत पुण्यदायी माना जाता है। अंत में ट्रस्टी डॉ. जितेन्द्र भारद्वाज व रोटेरियन पवन यादव ने आयोजकों का आभार प्रकट करते हुए उन्हें अंग वस्त्रं और स्मृति चिह्न भेंट किया। इस मौके पर डॉ. जितेन्द्र भारद्वाज, डॉ. संजय शर्मा, डॉ. पुष्पलता शर्मा, पवन यादव. विपिन शर्मा, दलजीत गौतम शास्त्री, ओशिन शुक्ला, कृष्ण शर्मा एडवोकेट, दिनेश शर्मा प्राचार्य मौजूद रहे।*

### रेवाड़ी रोड स्थित स्वर्ग आश्रम के सामने हनुमान मंदिर में हुई बैठक

# समिति ने स्वर्ग आश्रम की व्यवस्थाओं के लिए पास किए प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

स्वर्ग आश्रम सुधार समिति कार्यकारिणी की प्रथम बैठक रेवाड़ी रोड स्थित स्वर्ग आश्रम के सामने हनुमान मंदिर में प्रधान संजय गर्ग की अध्यक्षता में हुई। जिसमें आमंत्रित व कार्यकारिणी सदस्यों ने स्वर्ग आश्रम में समुचित व्यवस्था के लिए अपने अपने सुझाव प्रस्तुत किए। सर्वप्रथम बैठक में समिति का नाम मोडावाला स्वर्ग आश्रम समिति रेवाड़ी रोड तय किया गया। इसके बाद स्वर्ग आश्रम की व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से चलाने के लिए कई प्रस्ताव पास किए गए। जिनमें प्रमुख रूप से समिति का जिला फर्म एंड सोसाइटी में रजिस्ट्रेशन करवाना, सदस्यों का सदस्यता शुल्क निर्धारित करना, स्वर्ग आश्रम में साफ सफाई की व्यवस्था, पानी की उचित व्यवस्था, लाइट की व्यवस्था, शौचालय की व्यवस्था, लकड़ियों की व्यवस्था करना व परिसर के सौंदर्यीकरण पर ध्यान देना आदि प्रमुख रहे।

बैठक में प्रस्ताव पास किया गया कि संस्था का कार्यकाल तीन वर्ष का होगा व संस्था का एक खाता किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक में खुलवाया जाएगा। समिति की ओर से स्वर्ग आश्रम परिसर में एक दानपत्र रखवाया जाएगा। जिसमें किसी भी अंतिम संस्कार के अवसर पर स्वर्गआश्रम में आने वाले सभी शहर वासियों से अपील की जाएगी कि प्रत्येक व्यक्ति अपनी श्रद्धा अनुसार कम से कम 10 रुपये का सहयोग स्वर्ग आश्रम हेतु अवश्य प्रदान करें, ताकि स्वर्ग आश्रम की व्यवस्थाओं को उचित प्रकार से चलाया जा सके। इस मौके पर प्रेमचंद गुप्ता एडवोकेट, उमाकांत छक्कड़, सुरेश यादव, बद्रीप्रसाद गर्ग, राजीव शर्मा, एडवोकेट केशव संघी, सत्यनारायण गुप्ता, जितेंद्र गोस्वामी, बजरंग लाल अग्रवाल, टेकचंद तायल, जगदीश प्रसाद, गजेंद्र बोहरा, सुभाष चंद्र गर्ग, कृष्ण कंछल, सीताराम गर्ग, संजीव यादव, नवीन बंसल, सुरेश छक्कड़, दिनेश भार्गव, सुभाष संघी, अशोक गोस्वामी, पंकज यादव, राधेश्याम गोस्वामी, अजय, रिंकु व शीशपाल आदि उपस्थित रहे।



नारनौल। बैठक करते स्वर्ग आश्रम समिति सदस्य। फोटो : हरिभूमि

# अटेली विधानसभा में जजपा ने शुरू किया सदस्यता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

जननायक जनता पार्टी ने अटेली विधानसभा में मंगलवार को दौंगड़ा अहीर, दौंगड़ा जाट, दुलोठ जाट एवं कलवाड़ी में सदस्यता अभियान चलाया गया। इस मौके पर अटेली हलका अध्यक्ष बेदू राता ने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय चौटाला द्वारा दिए गए लक्ष्य को कार्यकर्ता मिलकर पूरा करेंगे। कई लोग जो हमसे दूर चले गए थे, उनकी घर वापसी शुरू हो चुकी है। चौधरी देवीलाल की विचारधारा से जुड़े लोग, जो 1980 और 1990 के दशक में हमसे अलग हुए उन्हें भी जोड़कर पार्टी को और मजबूत करेंगे। प्रदेशभर में कार्यकर्ताओं में उत्साह है और अभियान को संगठित रूप से आगे बढ़ाया जा रहा है। अटेली विधानसभा में पांच हजार नए सदस्य बनाए जाएंगे। वहीं जिलाध्यक्ष राजकुमार खातोद ने जानकारी दी कि सभी हलकों में पदाधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई हैं। जो गांव स्तर तक बैठकें आयोजित कर नए साथियों को पार्टी से जोड़ेंगे। इस मौके पर दिनेश राता, कुलदीप अटाली, इंद्रजीत, विक्रम दुलोठ, सचिन पार्षद, रविंद्र बेवल व शेखर ठेकेदार मौजूद रहे।



मंडी अटेली। कलवाड़ी में सदस्य जोड़ते हुए हलका प्रधान बेदू राता। फोटो : हरिभूमि

*एसपी ने डीएसपी, एसएचओ के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए*

# किसी क्षेत्र में लगातार क्राइम बढ़ता है, तो थाना प्रभारी पर होगी विभागीय कार्रवाई : एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

पुलिस अधीक्षक ने मंगलवार को राजपत्रित अधिकारी, थाना प्रभारियों की बैठक ली। उन्होंने विभिन्न थानों में लंबित आपराधिक मामलों, चालान एवं शिकायतों की समीक्षा की। साथ ही उन्होंने लंबित मामलों के शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने लंबित मामलों, शिकायतों का निराकरण करने, असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने के लिए अधिक से अधिक प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करने, सभी थाना प्रभारियों को अपराध नियंत्रण को लेकर विशेष दिशानिर्देश दिए। बैठक में डीएसपी सुरेश कुमार, डीएसपी दिनेश कुमार व थाना प्रभारी उपस्थित थे। पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय में क्राइम बैठक ली। इसमें जिला के डीएसपी, थाना प्रबंधक मौजूद रहे। बैठक के दौरान एसपी ने सख्त शब्दों में कहा कि अगर किसी क्षेत्र में लगातार क्राइम बढ़ता है, तो उस थाना प्रभारी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा उन्होंने यह भी कहा कि अच्छा कार्य करने वाले थाना प्रभारी व अन्य पुलिस कर्मचारियों को इनाम भी दिया जाएगा। बैठक के दौरान कई अन्य अहम मुद्दों पर भी चर्चा की गई। एसपी ने पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि वह नागरिकों से अच्छा व्यवहार करें और अनुशासन में रहकर अपना काम करें।


नारनौल। पुलिस अधिकारियों की बैठक लेती एसपी पूजा वशिष्ठ। फोटो : हरिभूमि

### पेट्रोलिंग को प्रभावी बनाने के निर्देश

*एसपी ने बैठक के दौरान थाना प्रबंधकों के कार्यों की समीक्षा करते हुए बेहतर कार्य करने वाले थाना प्रभारियों को शाबाशी दी और जिन थाना प्रबंधकों के कार्यों में कुशलता नजर नहीं आई, उनको फटकार लगाई। एसपी ने रात्रि पेट्रोलिंग व थाना स्तर पर की जाने वाली नियमित पेट्रोलिंग को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए। प्रबंधक थाना अपने अपने क्षेत्र में चोरी की वारदातों को रोकने के लिए सांयकालीन गश्त व रात्रि गश्त प्रभावी ढंग से करें। एसपी नशीले पदार्थ बेचने वालों पर लगातार कार्रवाई करने के निर्देश दिए।*


नारनौल। केशव नगर में मौके का मुआयना करते एसडीएम रमित यादव।

### एसडीएम ने किया केशव नगर का निरीक्षण

*नारनौल। सरकार के निर्देश पर लगाए जा रहे समाधान शिविर में केशव नगर निवासी एक नागरिक की शिकायत पर एसडीएम रमित यादव ने मंगलवार को मौके का मुआयना किया। गौरतलब है कि शहर के केशव नगर के गली नंबर तीन में रहने वाले सत्यप्रकाश ने उनके पड़ोस में डेयरी के संचालन पर आपत्ति जताई थी। इस पर उपायुक्त डॉ. विवेक भारती के दिशा निर्देश पर एसडीएम रमित यादव ने पड़ोसी को नियमों के अनुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने तुरंत प्रभाव से पशुओं के लिए रखा हारा वहां से हटवाया और निर्देश दिए कि भविष्य में पर्यावरण का ध्यान रखा जाए। इसके अलावा उन्होंने दो दिन के अंदर अंदर दीवार का निर्माण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी दीपक गोयल भी मौजूद थे।*


महेंद्रगढ़। आपस में बातचीत करते समाज के लोग। फोटो : हरिभूमि

# सैनी सभा के निष्पक्ष चुनाव कराने की मांग

- सदस्यता फार्मों की जांच तालाबंद करके करना संदेह पैदा करता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

सामाजिक संस्था सैनी सभा की कार्यकारिणी का कार्यकाल बीती 12 जून को समाप्त हो गया। चुनाव से पूर्व सदस्यता अभियान चलाया गया। जिसमें समाज के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। मंगलवार को सभा के पदाधिकारियों की ओर से कार्यालय के मुख्यद्वार पर तालाबंद कर सदस्यता फार्मों का मामला तुल पकड़ गया है। सैनी समाज से जुड़े लोगों ने इसमें हेराफेरी व गड़बड़ी होने की आशंका व्यक्त कर प्रशासन से निष्पक्ष चुनाव कराने की मांग की है। समाज के लोग मास्टर दिनेश सैनी, पूर्व पार्षद घनश्याम दास, होशियार सैनी ने बताया कि सभा कार्यकारिणी का कार्यकाल 12 जून को समाप्त हो चुका है। सदस्यता फार्मों की जांच तालाबंद करके करना संदेह पैदा करता है। कार्यकारिणी का कार्यकाल पूरा होने के बाद प्रशासन को अपनी निगरानी में चुनाव प्रक्रिया चलानी चाहिए, ताकि निष्पक्ष चुनाव हो सके। सभा के सचिव रूढ़मल सैनी ने कहा कि मंगलवार को फार्मों की जांच की जा रही थी। मुख्यद्वार का ताला बंद इसलिए किया गया था कि कार्य में कोई बाधा न पड़े।

# ठेकेदार की पेमेंट रूकने से थमा सामुदायिक भवन का काम, 95% काम हो चुका है पूरा

## 2.62 करोड़ रुपये लागत से हो रहा है सामुदायिक भवन का निर्माण

- पांच मई 2022 से शुरू हुआ था काम, छोटे काम छोड़कर सभी काम हुए पूरे

*सामुदायिक भवन में तीन बड़े कमरे, एक बड़ा हॉल, जिसमें 500 से अधिक लोग एकसाथ बैठ सकें, एक बड़ा किचन बनाया हुआ है। ऊपर जाने के लिए दोनों तरफ सीढ़ियां लगाई गई हैं। प्रत्येक में अलग से शौचालय की सुविधा भी है। इसके अलावा आमजन के लिए एक सार्वजनिक शौचालय, पार्किंग व्यवस्था का निर्माण किया गया है। शहरवासियों को छोटे-मोटे सामूहिक आयोजनों के लिए निजी समारोह स्थलों की ओर देखना पड़ता है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

ठेकेदार की पेमेंट रूकने से इन दिनों सामुदायिक भवन का काम रूका हुआ है। नगर पालिका की ओर से इस सामुदायिक भवन का निर्माण 2.62 करोड़ रुपये की लागत से हो रहा है। ठेकेदार द्वारा अभी तक भवन का 95 प्रतिशत काम पूरा किया जा चुका है। वहीं नगर पालिका अध्यक्ष का कहना है कि ठेकेदार की जल्द पेमेंट जारी कर काम पूरा करवाया जाएगा।

बता दें कि तत्कालीन मुख्यमंत्री की घोषणा में शामिल 2.62 करोड़ रुपये से बनने वाले शहर के एकमात्र सामुदायिक भवन का काम सब्जी मंडी के पास किया जा रहा है। शहर की सब्जी मंडी के पास निर्माणधीन सामुदायिक भवन का 95 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। अब सिर्फ पांच प्रतिशत ही काम रुका हुआ है। शहर की 50 हजार की आबादी के लिए एकमात्र सामुदायिक भवन का निर्माण पांच मई 2022 को शुरू किया गया था। बता दें कि तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल की ओर से शहर की सब्जी मंडी के नजदीक लोगों की सुविधा के लिए सामुदायिक भवन बनाने की घोषणा की थी। ठेकेदार की ओर से पांच मई 2022 को निर्माण कार्य शुरू किया गया था। 95 प्रतिशत कार्य पूरा होने के बावजूद भी ठेकेदार को कुछ पेमेंट रूकी हुई है। ठेकेदार की ओर से सामुदायिक भवन में छोटे-छोटे काम छोड़कर सभी काम पूरा किया जा चुका हैं। इसके अलावा भवन पर रंग-पेंट, लाइट, खिड़की-दरवाजे का भी काम किया जा चुका है।


महेंद्रगढ़। नगर पालिका द्वारा बनाया गया सामुदायिक भवन। फोटो : हरिभूमि

### भवन में शहरवासियों को यह मिलेंगी सुविधा

सामुदायिक भवन में तीन बड़े कमरे, एक बड़ा हॉल, जिसमें 500 से अधिक लोग एकसाथ बैठ सकें, एक बड़ा किचन बनाया हुआ है। ऊपर जाने के लिए दोनों तरफ सीढ़ियां लगाई गई हैं। प्रत्येक में अलग से शौचालय की सुविधा भी है। इसके अलावा आमजन के लिए एक सार्वजनिक शौचालय, पार्किंग व्यवस्था का निर्माण किया गया है। शहरवासियों को छोटे-मोटे सामूहिक आयोजनों के लिए निजी समारोह स्थलों की ओर देखना पड़ता है। इसके लिए उन्हें भारी भरकम राशि भी खर्च करनी पड़ती है। सामुदायिक भवन का महज पांच प्रतिशत ही निर्माण शेष है। वर्तमान में सामुदायिक भवन के मुख्य गेट पर ताला लगा हुआ है। ठेकेदार की बकाया पेमेंट का भुगतान होते ही कार्य शुरू किया जाएगा।

### जल्द की जाएगी पेमेंट:

सब्जी मंडी के पास नगर पालिका की ओर से 2.62 करोड़ रुपये की लागत से एक बड़ा सामुदायिक भवन का निर्माण किया जा रहा है। ठेकेदार की ओर से 95 प्रतिशत काम पूरा किया जा चुका है। ठेकेदार की कुछ पेमेंट बाकि है, जल्द पेमेंट जारी कर शहरवासियों को भवन सुपुर्द किया जाएगा।
**-रमेश सैनी, प्रधान नगर पालिका, महेंद्रगढ़।**

# जल संरक्षण की दिशा में उठाए जा रहे हैं ठोस कदम : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

महेंद्रगढ़ जिले में जल संचयन और संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए जल शक्ति अभियान 2025 कैच द रेन व्हेन इट फॉल्स के तहत ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने मंगलवार को लघु सचिवालय में आयोजित बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जल संचयन संरचनाओं को मजबूत करें और पारंपरिक जल निकायों व तालाबों का जीर्णोद्धार करें। डॉ. भारती ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि वे इन कार्यों को जेएसए पोर्टल पर नियमित रूप से अपडेट करें। उन्होंने बताया कि यह अभियान नौ मार्च से 30 नवंबर 2025 तक चलेगा। जिसका मुख्य लक्ष्य जिले में अधिकतम जल संचयन सुनिश्चित करना है। उपायुक्त ने विशेष रूप से जोर दिया कि बारिश के मौसम से पहले सभी सरकारी और निजी जल संचयन संरचनाओं की सफाई की जाए, ताकि अधिक से अधिक वर्षा जल भूमि में जा सके।


नारनौल। जल शक्ति अभियान को लेकर अधिकारियों की बैठक लेते डीसी डॉ. विवेक भारती। फोटो : हरिभूमि


नारनौल। मुख्य चुनाव अधिकारी का नियुक्ति पत्र सौंपते सभा के सचिव कृष्ण कुमार। फोटो : हरिभूमि

### मनीष होंगे श्री गौड़ ब्राह्मण सभा के चुनाव अधिकारी

**नारनौल।** जिले की प्रतिष्ठित व अग्रणी श्री गौड़ ब्राह्मण सभा के त्रिवार्षिक चुनाव करवाने का भार मनीष वशिष्ठ एडवोकेट को सौंपा गया है। जिला बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान एवं अधिवक्ता परिषद के जिला अध्यक्ष मनीष वशिष्ठ श्री गौड़ ब्राह्मण सभा के मुख्य चुनाव अधिकारी रहेंगे। उनके सहायक के रूप में संजय कौशिक नारनौल, नरेश जोशी कॉलिजियम सदस्य ब्राह्मण सभा महेन्द्रगढ़, धर्मेंद्र वशिष्ठ अटेली व अंजनी शास्त्री नांगल चौधरी होंगे। श्री गौड़ सभा के सचिव कृष्ण कुमार ठेकेदार व कॉलिजियम सदस्य विजय गौस्वामी ने वशिष्ठ को चुनाव अधिकारी की नियुक्ति पत्र सौंपा है। इस आशय की सूचना जिला रजिस्ट्रार फर्मस एवं सोयाइटी को भेज दी गई है। सभा के मुख्य चुनाव अधिकारी मनीष वशिष्ठ एडवोकेट ने कहा कि समाज ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसका वह पूरी निष्ठा से पालन करेंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव अधिकारी के नाते उनका कर्तव्य बिना किसी भय, पक्षपात रहित, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व पारदर्शी चुनाव करवाने का रहेगा।

# जुलाई महीने के पहले सप्ताह में कर दी जाएगी कांग्रेस जिला प्रधान की घोषणा : कुलदीप इंदौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

निजामपुर में नारनौल रोड स्थित एक फिलिंग स्टेशन पर संगठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मीटिंग विधायक मंजू चौधरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें कांग्रेस के जिला पर्यवेक्षक सांसद कुलदीप इंदौरा व प्रभारी महताब अहमद मुख्य रूप से पार्टी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों के साथ मौजूद रहे। उन्होंने जिला संगठन गठित करने के लिए कार्यकर्ताओं से विचार-विमर्श किया तथा आवेदकों की नेतृत्व क्षमता का आंकलन किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में 36 बिरादरी का हित सुरक्षित है। सत्ता मिलने पर हमेशा पिछड़े वर्ग को उभारने का काम किया है, लेकिन बीते कई सालों से प्रदेश में संगठन नहीं रहा, जिस कारण वोटरों तक पार्टी की नीतियों को पहुंचाना संभव नहीं हो रहा है। तालमेल के आभाव में पार्टी को विधानसभा व लोकसभा चुनावों में नुकसान झेलना पड़ा था। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व नेता प्रतिपक्ष के निर्देशानुसार प्रदेश में संगठन का सृजन किया जाएगा।


नारनौल। कांग्रेस कार्यकर्ताओं से राय–शुमारी करते सांसद कुलदीप इंदौरा

### ये रहे मौजूद

*इस दौरान चंद्रप्रकाश एडवोकेट, सत्यपाल दहिया, संजय पटीकरा, महेश सोडा, देवेंद्र नंबरदार, सतबीर झूकिया, रामसिंह रायमलिकपुर, सुरेश पार्षद, शीशराम एडवोकेट, राजेश रावत, प्रवीण चौधरी, होशियार रावत, पूर्व जिला प्रधान बबलू यादव, संदीप यादव, प्रदीप यादव, सुबेसिंह दनचौली, राव दारा सिंह, होशियार सिंह निजामपुर ने पर्यवेक्षक से मुलाकात करके उन्हें संगठन के संदर्भ में सुझाव दिए।*

# सामाजिक कार्यों से ओतप्रोत थे सियाराम शर्मा: डॉ. अभय सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

गांव बेवल निवासी एवं आईजीयू मीरपुर के पूर्व कुलसचिव वर्तमान में भूगोल विभागाध्यक्ष प्रोफेसर प्रमोद भारद्वाज के 85 वर्षीय पिता सियाराम शर्मा का निधन हो गया। स्वर्गीय सियाराम शर्मा के निधन पर उनके परिवार को सांत्वना देने के लिए शहर, गांव व समाज के अनेक गणमान्य नागरिकों ने शिरकत की। सभी बुद्धिजीवियों ने स्वर्गीय सियाराम शर्मा के परोपकारी जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा किए सामाजिक कार्य, पर्यावरण के प्रति प्रेम व स्वच्छता के प्रति समर्पित आदि कार्य उनके व्यक्तित्व की पहचान बताई। मंगलवार को स्वर्गीय सियाराम शर्मा को श्रद्धांजलि देने गांव बेवल पहुंचे पूर्व सिंचाई मंत्री डॉ. अभय सिंह यादव ने द्विवगंत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और उनके सामाजिक योगदान की सराहना की। फरीदाबाद से पहुंचे प्रो. देवप्रसाद भारद्वाज एवं समाजसेवी चिदांबर ने परिवार की हिम्मत बढ़ाई। आरपीएस समूह सीईओ मनीष राव ने परिवार एवं समाज को सियाराम के दिखाए रास्ते पर चलने का आग्रह किया।


महेंद्रगढ़। परिवार को सांत्वना देते पूर्व मंत्री अभय सिंह यादव।

### ये रह मौजूद

*इस मौके पर तहसीलदार दीपक धांगड़, पवन बाछोदिया, जिला प्रमुख राकेश कुमार, पार्षद संदीप टोनी, पार्षद अजीत, पार्षद कुलदीप शर्मा, सरपंच सिसोठ विक्की, मनोज शास्त्री धोलेड़ा, अशोक बुचौली, डॉ. देवेंद्र यादव, डॉ. महेश यादव, यदुवंशी समूह से प्रदीप यादव ने भी अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।*

# कनीना अस्पताल को एफआरयू मिलने पर स्वास्थ्य मंत्री का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

उप नागरिक अस्पताल को एफआरयू का दर्जा मिलने पर भाजपा के प्रदेश व्यापार प्रकोष्ठ के सदस्य मनीष गुप्ता व सतीश जांगिड़ ने आरती राव का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि अस्पताल की एफआरयू होने के बाद तीन दर्जन गांवों की करीब डेढ़ लाख की आबादी को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने स्वास्थ्य मन्त्री के चंडीगढ़ कार्यालय में पहुंचकर उनका अभिनन्दन किया। अस्पताल में ऑपरेशन सुविधा प्रारंभ होने से अटेली हलके के लोगों में खुशी की लहर है। उन्होंने कहा कि अस्पताल में अतिआधुनिक उपकरण उपलब्ध होने तथा चिकित्सा विशेषज्ञों की नियुक्ति होने के बाद उपचार के लिए दूर जाने की आवश्यक्ता नहीं है।


कनीना। स्वास्थ्य मंत्री आरती राव का आभार जताते भाजपा कार्यकर्ता।

### कनीना के राजकुमार बने युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव



**कनीना।** राजकुमार यादव कनीना को हरियाणा युवा कांग्रेस का प्रदेश महासचिव चुने जाने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई है। युवा विंग की कार्यकारिणी के लिए हुए चुनाव में उन्हें यह सफलता मिली है। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व वे अटेली हलका अध्यक्ष पद पर रहे चुके हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

## 18 से 65 वर्ष तक का कोई भी स्वस्थ व्यक्ति कर सकता है रक्तदान: नगराधीश मंजीत कुमार

# विश्व रक्तदाता पखवाड़ा दिवस: शिविर में 48 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस समिति के प्रधान डॉ. विवेक भारती व जिला रेडक्रॉस समिति के सचिव बलवान सिंह के मार्गदर्शन में विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे विश्व रक्तदाता पखवाड़ा के तहत गतदिवस नगर परिषद कार्यालय में एक स्वैच्छिक रक्तदान कैम्प का आयोजन किया गया।

नगराधीश मंजीत कुमार व नगर परिषद की चेयरपर्सन कमलेश सैनी ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। इस मौके पर नगर परिषद के ईओ दीपक गोयल भी मौजूद थे। रक्तदान शिविर में 48 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। रेडक्रॉस से डॉ. एसपी सिंह ने बताया कि विश्व रक्तदाता पखवाड़ा दिवस के तहत 20 जून को भारत विकास परिषद महेन्द्रगढ़ के सहयोग से यादव धर्मशाला महेन्द्रगढ़ में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा।


नारनौल। शिविर में रक्तदान करते बिजली निगम के एसडीओ लोकेश।

### कोई भी स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है

नगराधीश मंजीत कुमार ने कहा कि 18 से 65 वर्ष आयु के बीच का कोई भी स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है। रक्तदान करने से शरीर में किसी प्रकार की कोई कमजोरी नहीं आती है। रक्तदान शरीर में ताजा रक्त कोशिकाओं का उत्पादन करने की क्षमता को बढ़ाता है। रक्त में आयरन के स्तर को संतुलित करता है। इस मौके पर नगर परिषद की चेयरपर्सन कमलेश सैनी युवाओं से समय समय पर रक्तदान करने का आह्वान किया। इस अवसर पर रक्तदान के क्षेत्र में कार्यरत एनजीओ माता सती वैलफेयर समिति गहली, युवा साथी ग्रुप, नेकी की दीवार नीडी हैल्प ग्रुप, चौधरी बैजनाथ चेरिटेबल ट्रस्ट नांगल चौधरी, टाईगर क्लब, बाबा निहालचंद सेवादल पटीकरा व छल्लूराम शिक्षा समिति नांगल काठा तथा अन्य अतिथिगण को मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त आठ स्टार रक्तदाता चरणजीत सिंह, डॉ. शिवकुमार, राजेश कुमार, अनिल शर्मा, कपिल कुमार, रवि सैनी, हरिकिशन गौड़, जसवंत यादव को सम्मानित किया। रक्तकोष अधिकारी डॉ. संगीता यादव ने रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं की हौसला अफजाई की।